टर्बाइन) की स्थापना के लिए अगस्त, 1990 में मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड से प्रस्ताव प्राप्त हुआ था जिसकी के.वी.प्रां में जांच की जा रही है। इस परियोजना के लिए एचबीज पाइप लाइन से गैस विद्युत सप्लाई किए जाने की परिकल्पना की गई है। के.वी.प्रां. में स्कीम का मूल्यांकन किए जाने पूर्व कुछ अपेक्षित निवेश यथा गैस की उपलब्धता, जल की उपलब्धता, केन्द्र और राज्य से पर्यावरण की दृष्टि से स्वीकृति राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण से स्वीकृति और विद्युत प्रदाय अधिनियम, 1948 की धारा 29 की अनुपालना आदि सुनिश्चित की जानी अपेक्षित है।

(ग) ऊर्जा मंत्री को संबोधित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के दिनांक 27 अक्तूबर 1990 के पत्र के द्वारा राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम केन्द्रीय क्षेत्र में ग्वालियर जी टी सीसी स्थापित किए जाने हेतु इसको शीघ्र तकनीकी आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान किए जाने का, अनुरोध किया गया है उपरोक्त निवेश सुनिश्चित किए जाने के पश्चात् ही के.वि.प्रां. में स्कीम का मूल्यांकन किया जा सकेगा।

कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह के एकक 5 और 6 का स्थपित किया जाना

1000. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सईदा खातून :

क्या विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क्या सरकार ने य प्रदेश के कोरबा श्चिम ताप विद्युत गृह के एकक सं. 5 और 6 की स्कीम योजना आयोग को वित्तीय स्वीकृति के लिए 17 जन 1991 को भेजी है ;

ख) क्या उसे आठवीं पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित किया गया है; और

(ग) इस स्कीम को वित्तीय स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जायेगी और कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा और उसके कब तक पूरा होने की सम्भावना है ?

विद्युत और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) जी, हां।

(ख) स्कीम को आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल करने संबंधी प्रश्न को योजना आयोग द्वारा अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

(ग) स्कीम को स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए योजना आयोग में कार्रवाई की जा रही है।

Request for supply of Natural Gas to Goa for Generation of Power

1001. SHRI JOHN. F. FERNANDES: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have received any request from Goa Government or other agencies for the supply of Natural Gas to Goa to generate electric power from gas turbine in view of an acute power shortage in Goa;

(b) if so, how many proposals have been received and the names of the agencies; and

(c) what has been Government's response to these proposals?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) to (c) Yes, Sir. The matter of supply of gas to Goa is also under examination by an Inter-ministerial Group examining the feasibility of a "Southern Gas Grid".